## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 01.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने तीन और नक्सलियों पर की इनाम की घोषणा, नक्सल हिंसा में घायल सीआरपीएफ जवानों को मिली अनुदान राशि।
2. रिम्स में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव, नई सेंट्रल इमरजेंसी सेवा आज से शुरु, कैंसर विभाग में अब 70 बेड की क्षमता।
3. प्रदेश भाजपा ने विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम को किसानों और मजदूरों के हित में बताया, कांग्रेस ने मनरेगा को कमजोर करने का लगाया आरोप।
4. राज्यभर में लोगों ने उत्साह, प्रार्थनाओं और सार्वजनिक समारोहों के साथ किया नववर्ष का स्वागत, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
5. रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग का उत्साह चरम पर, आज शाम एसजी पाइपर्स का मुकाबला श्राची बंगाल टाइगर्स से होगा।

********************

राज्य सरकार ने तीन और नक्सलियों चाईबासा की फुलमनी कोड़ा, कोदोमुनि कोड़ा और चोगो पूर्ति के खिलाफ एक–एक लाख रुपये इनाम की घोषणा की है। साथ ही नक्सल हिंसा में घायल हुए सीआरपीएफ के दो जवानों को 5 लाख 60 हजार रुपये की अनुदान राशि भी दी गई है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है।

********************

नए साल पहले दिन से रांची के रिम्स में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। रिम्स ने अपनी नई सेंट्रल इमरजेंसी सेवा को और अधिक सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाया है, ताकि गंभीर स्थिति वाले मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। ऑन्कोलॉजी विभाग में 70 अतिरिक्त बेड की सुविधा शुरू की गई है। कैंसर विभाग अब 24 घंटे इमरजेंसी सेवा प्रदान करेगा, जिसमें सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मरीजों के परिजनों के लिए नया विश्राम गृह भी शुरू हो गया है, जहां रहने की सुविधा मात्र 25 रुपये प्रतिदिन में उपलब्ध होगी।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा है कि मनरेगा से जुड़े श्रमिक विकसित भारत दृ रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के अंतर्गत पूरी तरह सुरक्षित हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर इस प्रभावी तरीके से लागू करे तो यह श्रमिकों और किसानों के लिए बेहद कारगर साबित होगा।

********************

इधर, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनय सिन्हा दीपू ने भाजपा पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

********************

केन्द्र सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर –जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। पहली फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तथा बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी लगेगा।

*******************

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। ये श्रम संहिताएँ हैं – मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता 2020 । इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इन मसौदा नियमों पर 45 दिन के अंदर सभी हितधारक अपने आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में लोगों ने उत्साह, प्रार्थनाओं और सार्वजनिक समारोह के साथ नव वर्ष 2026 का स्वागत किया। वहीं पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सतर्क है। जमशेदपुर में ग्रामीण एसपी रिषभ गर्ग ने पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष के अवसर पर देश और विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री गंगवार ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि समस्त राज्यवासियों के लिए नववर्ष सुख, समृद्धि और अपार सफलता लेकर आए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को नव वर्ष की शुभकामानाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि नव वर्ष 2026 का आगमन केवल एक नए वर्ष की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे वीर पुरुखों के सपनों के सोना झारखण्ड के निर्माण की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

*******************

गुमला जिले में लोगों ने मंदिरों में पूजा– अर्चना कर नये साल की शुरुआत की। जिला मुख्यालय स्थित काली मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं ने कहा कि नव वर्ष एक नयी उम्मीद लेकर आया है।

*******************

नववर्ष की शुरुआत बाबा बैद्यनाथ की पूजा–अर्चना के साथ करने के लिए देवघर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। तड़के मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की 4 से 5 किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं, जो शहर के कई हिस्सों तक फैल गईं।

*******************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर में मामूली बढत के साथ कारोबार कर रहे हैं। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 62 अंक बढ़कर 85 हजार दो सौ तिरासी और निफ्टी 22 अंक चढ़कर 26 हजार 151 पर कारोबार कर रहे थे।

*******************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 25 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। आज एसजी पाइपर्स का मुकाबला श्राची बंगाल टाइगर्स से होगा। इससे पहले कल एसजी पाइपर्स ने जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब को रोमांचक मुकाबले में एक शून्य से पराजित कर अंक तालिका में अपनी उपस्थिति शीर्ष पर बरकरार रखी।

*******************

नववर्ष के पहले दिन राज्य के 10 जिलों में सुबह में घना कोहरा नजर आया। घने कोहरे की वजह से 50 से 200 मीटर विजिबिलिटी रही। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने तीन जनवरी से तापमान में दो–तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना जतायी है।

*******************